टेली : +91-731-2488812
फैक्स: +91-731-2321344
वेबसाईट: www.rrcat.gov.in
ईमेल: apor@rrcat.gov.in
प्रशासनिक भवन
डाक: केट, इंदौर – 452 013

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

**प्रवेश एवं बुलावा पत्र**

Speed Post

आवेदन में लगाए गए जैसे पासपोर्ट आकार का एक फोटोग्राफ राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित करवाकर यहां चिपकाएं ।

संदर्भ संख्या : आरआरकेट / प्रशा / भ–732(2)

दिनांकः

विषयः विज्ञापन संख्या आरआरकेट–1 / 2011 के संदर्भ में वृत्तिभोगी प्रशिक्षणार्थी (श्रेणी–। एवं ।।) के रूप में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा / साक्षात्कार ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | आवेदन क्रमांक |
| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | | दिनांक |
| पद | दिनांक | समय | लिखित परीक्षा का स्थान |
| वृत्तिभोगी प्रशिक्षणार्थी<br>Discipline | | दोपहर<br>14:30 बजे | परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय,<br>आरआरकेट कॉलोनी, डाकघर : केट<br>इन्दौर – 452 013 |
| लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों का दूसरे दिन साक्षात्कार लिया जायेगा जिसके ब्योरे निम्नलिखित हैः<br>समय : 09.00 पूर्वाह्न से आगे<br>स्थान : वेलफेयर सेंटर, आरआरकेट, इंदौर | | | |

प्रिय आवेदक,

1. कृपया राराप्रप्रौकेंद्र के वृत्तिभोगी प्रशिक्षणार्थी के रूप में प्रवेश हेतु आपके आवेदन का संदर्भ लें । आपको ऊपर उल्लिखित दिनांक एवं स्थान पर लिखित परीक्षा के लिए आना होगा । कृपया नोट करें कि आपको लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के वक्त हिन्दी या अंग्रेजी में लिखने / बोलने का विकल्प दिया जाएगा । अतः आपसे निवेदन है कि आप अधोहस्ताक्षरितकर्ता को राराप्रप्रौकेंद्र में उक्त तिथि को 13.00 बजे वेलफेयर सेंटर में रिर्पोट करें ।

2. लिखित परीक्षा एक घंटे की अवधि की होगी एवं इसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे । उक्त परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम के विषय बी.एससी / डिप्लोमा एवं एसएससी / एचएससी / आयटीआय श्रेणी– । एवं ।। के लिए क्रमशः होंगे । लिखित परीक्षाओं के परिणाम उसी दिन सायं 06.00 बजे के पश्चात् किसी भी समय घोषित किए जायेंगे । यदि आप लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं तो आपको लिखित परीक्षा के अगले दिन ऊपर उल्लिखित स्थान पर साक्षात्कार के लिए आना होगा । कृपया नोट करें कि लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों का विचार अभ्यर्थी को तकनीकी साक्षात्कार के लिए पात्र ठहराने एवं बुलाने हेतु छानने के लिए लिया जायेगा । किसी भी सूरत में ये अंक अभ्यर्थी के चुनाव में कोई मायने नही रखेंगे । अभ्यर्थी का चुनाव उनके तकनीकी साक्षात्कार के निष्पादन पर आधारित होगा ।

3. इस प्रवेश पत्र एवं बुलावा पत्र की मूल प्रति को राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत् अनुप्रमाणित आपके फोटोग्राफ को चिपकाकर लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय साथ में लाना होगा ।

4. आपको अपने साथ मूल प्रमाण पत्रों एवं शोधपत्रों तथा शैक्षणिक योग्यताएं, जन्मतिथि, अनुभव, जाति (नवोन्नत वर्ग से नहीं होने का प्रमाण पत्र (नॉन–क्रीमी लेयर) अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में) आदि के समर्थन में प्रमाणपत्रों की छाया प्रतियां भी लानी होगी । यदि आप अपनी शैक्षणिक योग्यताएं, जन्मतिथि, अनुभव, जाति इत्यादि के समर्थन में मूल प्रमाणपत्रों को नहीं लाते हैं तो लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

5. कृपया नोट करें कि परीक्षा हॉल एवं साक्षात्कार के स्थान पर मोबाईल फोन, पेजर, केलक्युलेटर, या कोई भी इलेक्ट्रानिक वस्तुओं का प्रयोग सख्त मना है ।

6. कृपया नोट करें कि यदि आप केंद्र / राज्य सरकार या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपकम में कार्यरत् है तो आपको अपने वर्तमान नियोजक से लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में आने के लिए अनुमति लेना आवश्यक है । यदि आपका आवेदन उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित किया गया हो तो अग्रेषण पत्र की प्रति प्रस्तुत करने की आवश्यकता है । यदि आप अनुमति या अग्रेषण पत्र नहीं लाते है तो आपका साक्षात्कार लेना संभव नहीं है ।

7. लिखित परीक्षा / साक्षात्कार हेतु निर्धारित तारीख को किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जा सकता ।

8. (अ) यदि आपने एम.एससी / ए.एम.आई.ई / समतुल्य पास कर लिया है अथवा एम.एससी / ए.एम.आई.ई / समतुल्य के अंतिम वर्ष में है तो आप श्रेणी– । के पद हेतु विचार किये जाने के लिए पात्र नहीं हैं । अतः इस बुलावा पत्र का रद्द माना जाए ।

   (ब) यदि आपने बी.एससी / इंजीनियरींग में डिप्लोमा / समतुल्य पास कर लिया है अथवा बी.एससी / इंजीनियरींग में डिप्लोमा / समतुल्य के अंतिम वर्ष में है तो आप श्रेणी–।। के पद हेतु विचार किये जाने के लिए पात्र नहीं हैं । अतः इस बुलावा पत्र का रद्द माना जाए ।

9. बाहर से आने वाले एस.सी / एस.टी के सभी अभ्यर्थी जो सरकारी क्षेत्र आदि में नियोजित नहीं है एवं रेल रियायत नहीं ले रहे हैं, उन्हें टिकट / टिकट नं. एवं जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में आने हेतु नियमों के अनुसार यात्रा–भत्ते का भुगतान किया जाएगा ।

10. इस पत्र द्वारा आपको लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के स्थान पर प्रवेश दिया जाएगा ।

11. रा.रा.प्र.प्रौ. केन्द्र (आरआरकेट) इंदौर रेल्वे स्टेशन / बस स्टैंड से 12 कि.मी. की दूरी पर राजेन्द्र नगर के पास स्थित है । आप केट केम्पस ऑटो रिक्शा द्वारा पहुंच सकते हैं जिसके जिए रेल्वे स्टेशन / बस स्टैंड से प्री–पेड आटो की सुविधा उपलब्ध है ।

12. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के दौरान रहने की सुविधा नहीं दी जायेगी ।

अभ्यर्थी के लिए टिप्पणीः

अ दस्तावेजो की जांच के दौरान अगर यह पाया जाता है कि आवेदन किए गए पद के लिए विज्ञापन के अनुसार अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं हैं, तो उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा ।

ब अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी जो ओबीसी के अंतगर्त आरक्षण चाहते हैं वे कृपया देख लें कि उनकी जाति भारत सरकार द्वारा जारी अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में समाविष्ट है या नहीं । इस संबंध में अभ्यर्थी www.ncbc.nic.in.वेबसाईट का संदर्भ लें । अगर अभ्यर्थी के जाति का नाम भारत सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में सूचीबद्ध नहीं है, तो उसका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

स शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थी, जिनके विकलांगता की मात्रा 40% और अधिक है, वे कृपया यह देख लें कि आवेदन किया गया पद उनके विकलांग वर्ग के लिए अभिनिर्धारित है या नहीं । इसके लिए अभ्यर्थी विज्ञापन का संदर्भ लें अथवा लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने से पूर्व भर्ती अनुभाग में 0731–2488812 पर संपर्क करें । यदि यह पद शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए अभिनिर्धारित नहीं है, तो ऐसे अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा ।

भवदीय,